पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
-----

# 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस' पर राजभवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व साइकिल रैली का हुआ आयोजन

--------

## राजभवन कार्मिकों व अध्यासितों ने किया प्रतिभाग

--------

## रक्तदान से दूसरों की जिंदगी बचाने का संकल्प एक अच्छा कार्य

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

------

लखनऊः 24 जनवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। राजभवन में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में राजभवन कार्मिकों व अध्यासितों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 64 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि रक्तदान के साथ-साथ अंगदान भी एक पुनीत और महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था यदि अच्छा कार्य करें तो उसका प्रचार प्रसार होना चाहिए, इससे अन्य को प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल जी ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि विगत चार-पांच वर्षों से राजभवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्थापना दिवस के दिन

रक्तदान शिविर के माध्यम से दूसरों की जिंदगी को बचाने का संकल्प एक अच्छा कार्य है। इसमें समाज के लिए एक अच्छा संदेश भी है।

राज्यपाल जी ने बताया कि राजभवन में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली तथा उत्तर प्रदेश की कला एवं संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल जी स्वैच्छिक रक्तदान कर रहे रक्तदाताओं से भी मिलीं, उन्हें धन्यवाद व बधाई दी तथा रक्तदान प्रमाण–पत्र भी प्रदान किया।

इस अवसर पर किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ0 सोनिया नित्यानंद ने कहा कि राजभवन परिवार के सदस्यों द्वारा रक्तदान दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत होता है। उन्होंने कहा कि एक रक्तदान से तीन लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं।

के0जी0एम0यू0 के ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 तूलिका चंद्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती वह धरती है जहां पर महर्षि दधीचि ने समाज एवं देश के कल्याण के लिए अपनी हड्डियां तक भी दान दे दिये थे। हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों का अनुकरण करते हुए अंगदान तथा रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे स्वास्थ्य का परीक्षण भी हो जाता है तथा हमें संभावित बीमारियों के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने के पश्चात शरीर में रक्त का निर्माण बहुत तेजी से होता है और किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी भी नहीं आती है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि रक्तदान करने के पश्चात कमजोरी आती है, ऐसी भ्रांतियों से बचें और रक्तदान के लिए आगे आएं।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिट इण्डिया के तहत राज्यपाल जी ने राजभवन परिसर से राजभवन कार्मिकों और

अध्यासितों की साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली भारत माता के उद्घोष के साथ राजभवन परिसर से समता मूलक चौराहा होते हुए पुनः राजभवन आकर सम्पन्न हुई। रैली में राजभवन कार्मिकों द्वारा उल्लासपूर्वक प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह सहित राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारी एवं अध्यासित उपस्थित रहे।

--------

राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक सूचना
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250